अनुक्रमांक ...................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ................................................ पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2025
## (हिन्दी)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** "नहिं परागु नहिं मधुर मधु, नहिं बिकासु इहिं काल। अली कली ही सौं बंध्यौ, आगैं कौन हवाल॥" उपर्युक्त दोहा किस कवि ने लिखा है— **(1)**

(A) कबीरदास ने (B) तुलसीदास ने

(C) बिहारीलाल ने (D) सूरदास ने

**2.** 'विनय पत्रिका' की भाषा है— **(1)**

(A) अवधी (B) खड़ी बोली

(C) ब्रज (D) बुन्देली

**3.** 'हाँस' शब्द है— **(1)**

(A) तद्भव (B) तत्सम

(C) देशज (D) संधेय

**4.** मुंशी प्रेमचन्द की वह रचना जो अधूरी रह गयी— **(1)**

(A) सेवासदन (B) रंगभूमि

(C) मंगलसूत्र (D) गोदान

**5.** 'पूर्व एवं उत्तर दिशा का कोना' के लिए एक शब्द है— **(1)**

(A) पूर्वोत्तर (B) ईशान

(C) वायव्य (D) नैऋत्य

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** महादेवी वर्मा की चार कृतियों के नाम लिखिए। **(1)**

**7.** आसक्त और उन्नति का विलोम शब्द लिखिए। **(1)**

**8.** वाक्य के भेदों के नाम लिखिए। **(1)**

**9.** अर्थ के आधार पर शब्द के भेदों के नाम लिखिए। **(1)**

**10.** मानक हिन्दी का मूल आधार कौन-सी बोली है? **(1)**

**11.** 'तकदीर खुलना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** जीवनी और आत्मकथा में सोदाहरण अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**13.** लोकोक्ति और मुहावरे में क्या अन्तर है? उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

**14.** स्वतंत्र लेखन का अभ्यास करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? **(2)**

**15.** मौन वाचन किसे कहते हैं? मौन वाचन की विशेषताएँ बताइए। **(2)**

**16.** 'महाकुंभ 2025' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **(2)**

**17.** हिन्दी शिक्षण में मूल्यांकन की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**18.** विराम चिह्नों का महत्व स्पष्ट करते हुए किन्हीं चार विराम चिह्नों के नाम लिखिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/hindi/2025

2. हिन्दी का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/hindi/

3. हिन्दी के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/hindi/

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN